# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम :–** जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर में यू0डी0आर0पी0 के अन्तर्गत विकास खण्ड गरूड़ में भिटारकोट से पार जूनियर हाई स्कूल के लिए 40 मी0 स्पान स्टील गर्डर पैदल सेतु हेतु वनभूमि हस्तान्तरण।

## परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण

जनपद बागेश्वर में पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए यातायात एवं आवागमन होना अति आवश्यक है। आवागमन न होने के कारण इस क्षेत्र का विकास बिलकुल नहीं हो पा रहा है। इस क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए यहॉ पर पैदल पुल का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। इस पुल हेतु माननीय उत्तराखण्ड शासन के एच0पी0सी0 बैठक दिनांक 24 जुलाई 2018 के पत्र संख्या 191/PMU/2018/UDRP देहरादून 31 जुलाई 2018 में विभिन्न योजनाओं के निर्माण हेतु 40 मी0 पैदल लौह सेतु निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इस क्षेत्र की जनता , विद्यार्थियों एवं व्यवसायिओ को आर–पार जानें के लिये कम से कम 4.0 कि0मी0 की दूरी बरसात में तय करनी पड़ती है। जिससे अनावश्यक समय नष्ट हो जाता है। इस पैदल पुल के बनने से दोनों क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों एवं विद्यार्थियों का आवागमन की सरल सुविधा प्राप्त हो जायेगी।

इस पैदल पुल निर्माण में कोई भी वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे है। उक्त सेतु के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलुबे को सेतु की पहुॅच मार्ग निर्माण में प्रयोग कर लिया जाएगा। अतः मलुबा निस्तारण का आंगणन प्रस्ततु नहीं किया जा रहा है। निर्माण में कम से कम वन भूमि क्षतिग्रस्त हो रही है। इस पैदल पुल निर्माण से ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय जनता को कोई आपत्ति नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0<br>बागेश्वर | सहायक अभियन्ता ,<br>विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0<br>बागेश्वर | अधिशासी अभियन्ता<br>विश्व बैंक खण्ड लो0नि0वि0<br>बागेश्वर |